**वारदात** — कोतवाली थाना क्षेत्र के नदीपार में आधा दर्जन से अधिक युवकों ने किया हमला, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

# फिर हुई चाकूबाजी, दहशत के साए में शहरवासी



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना 6 क्षेत्र के नदीपार स्थित रविदास तिराहा के पास बुधवार को आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने एक युवक के गले पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए हैं। चाकू के हमले से युवक के गले में गंभीर चोट आई है। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से जबलपुर रेफर किया गया है। युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों के संभावित ठिकानों में दबिश दी जा रही है। वारदात के बाद नदीपार क्षेत्र में भय का माहौल है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि नदीपार निवासी दीपक पिता राजू साहू (24) से रविदास तिराहा के पास छोटू परौहा, रूपेन्द्र ठाकुर, आकाश ठाकुर, शिब्बू विश्वकर्मा, सूजल रावत, अमित सोनकर और अभिषेक सेन ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिसके तहत युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उसे जबलपुर रिफर कर दिया गया है। पुलिस ने सातों आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों में दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चाकूबाजी की वारदातों से शहर में दहशत का माहौल है। आए दिन हो रही इन वारदातों से लोगों में भय व्याप्त है। कुछ दिन पहले कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चौपाटी में चाकूबाजी की वारदात में तीन युवकों की मौत हो गई थी, क्षेत्र में लगातार हो रही चाकूबाजी से आमलोगों में दहशत का महौल है। पुलिस वारदात के बाद गश्त को बढ़ाती है, दुकानों को रात में निर्धारित समय पर बंद कराती है, संदिग्धों और देर रात तक आवारा घूमने वालों की जांच भी करती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतते हैं, पुलिस की जांच धीमी हो जाती है, शहर में कानून व्यवस्था पहले की तरह ही हो जाती है, जिसके कारण बदमाश प्रवृत्ति के युवक वारदात को अंजाम दे देते हैं, लगातार हो रही चाकू बाजी की वारदातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस को खौफ बदमाशों में नहीं है।

तभी तो बदमाश बैखोफ होकर चाकूबाजी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वारदातों को रोकने के लिए पुलिस को अपनी मौजूदगी क्षेत्र में बढ़ानी पड़ेगी। स्थाई प्वाइंट लगाकर जांच कार्रवाई करनी होगी। रात में आवारा घूम रहे युवकों पर कार्रवाई करनी होगी। शहर में ऐसे कई चाय की दुकानें हैं जहां पर युवकों पर जमावड़ा रहता है, चाय दुकानों की आड़ में नशे का कारोबार भी किया जा रहा है।



## थाने पहुंचे छात्रों को बताई गई पुलिस कार्यप्रणाली

▶ छात्रों को कराया गया बाकल थाने का भ्रमण, दी गई कानून की जानकारी

**नवभारत बाकल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चल रहे बाल मित्र अभियान के अंतर्गत बाकल थाने की पुलिस ने संस्कार माउंट पब्लिक स्कूल खुर्शी बाकल के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया। छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। दैनिक कार्यों में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रतिक्षा सिंह चंदेल, पुलिस स्टाफ ने बच्चों को साइबर अपराध, गुड टच-बैड टच, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 181 सहित विभिन्न अपराधों से बचाव की जानकारी दी।

साथ ही उन्हें नवीन आपराधिक अधिनियम, बाल विवाह उन्मूलन कानून और पोक्सो एक्ट से संबंधित जानकारियां भी दी गई। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार के अभियानों से छात्रों में कानून की समझ बढ़ेगी और वे समाज में जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभा सकेंगे।

### एक नजर में

#### करहिया पंचायत सचिव निलंबित, सरपंच और उपयंत्री को नोटिस

**नवभारत, कटनी।** जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत करहिया के सचिव करन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क और अधोसंरचना योजना मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य स्वीकृत मापदंडों के अनुरूप नहीं कराए जाने के फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सख्त कार्रवाई कर तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संबंधित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत रीठी नियत किया है। निलंबित सचिव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जिला पंचायत सीईओ ने इसी मामले में शासन के निर्देशों के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने का दायित्व का हवाला देते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच देवराज लोधी और उपयंत्री चंदन सिंह अठिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

#### जिले की 164 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में भेजी गई राशि

**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जिले के शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूलों की 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले जिले के 164 छात्र-छात्राओं के खाते में मुख्यमंत्री स्कूटी प्रदाय योजना के तहत 1.67 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। स्कूटी की राशि पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्रों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर सहित अन्य स्कूलों में वेबकास्ट लिंक के माध्यम से किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुमन राजू मखीजा वार्ड पार्षद भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम को कक्षा 11वीं 12वीं के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा देखा गया, संस्था के छात्र पीयूष नामदेव और छात्रा प्रज्ञा मिश्रा को स्कूटी क्रय के लिए स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। कार्यक्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी एसएस मरावी, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, संस्था प्राचार्य एम कीडो, अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## आबादी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक, दहशत में ग्रामीण

▶ ढोल-नगाड़ों को बजाकर तेंदुएं को किया गया भगाने का प्रयास



**नवभारत, कटनी।** बरही थाना क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से तेंदुए की दस्तक से क्षेत्र में दहशत का महौल है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन तेंदुआ अब तक पकड़ में नहीं आया है। तेंदुए के नहीं पकड़े जाने से ग्रामीण भयभीत है। ऐसे हालात में अब वन विभाग ने तेंदुए को खदेड़ने के लिए बैंड-बाजा और आतिशबाजी का सहारा लिया है। पटाखों और शोर-शराबा कर तेंदुए को आबादी वाले क्षेत्र से दूर भगाने के प्रयास किए गए। बरही रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति की जानकारी दी गई है और अतिरिक्त मदद मांगी गई है। लेकिन तत्काल समाधान के लिए शोर-शराबे का यह अनोखा तरीका अपनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बैंड-बाजा और आतिशबाजी से तेंदुआ भागता है तो राहत मिलेगी। लेकिन अभी तक तेंदुआ नहीं भागा है, ग्रामीणों के मवेशियों को आए दिन तेंदुआ निशाना बना रहा है। मवेशियों का शिकार कर रहा है। साथ ही ग्रामीणों पर भी खतरा मंडरा रहा है।

## शराब की अवैध बिक्री के विरोध में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

▶ कैमोरी गांव में अवैध रूप से बेची जा रही है शराब, नहीं की जा रही कार्रवाई



**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत कैमोरी गांव में अवैध पैकारी चलाकर शराब बेचने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। गुरूवार को ग्रामीणों और महिलाओं ने सड़क में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। ग्रामीणों का चक्काजाम खोलने के लिए काफी समझाइस दी गई, लेकिन ग्रामीण नहीं माने और काफी देर तक विरोध चलता रहा। हालांकि बाद में कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बिक रही है और पुलिस की मिलीभगत से शराब माफिया बेखौफ धंधा चला रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही शराब की अवैध बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। शराब के खिलाफ पुलिस और आबकारी की टीम कार्रवाई करना शुरू कर दी है।

## टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, लाखों की सामग्री जलकर खाक

▶ उमरियापान थाना क्षेत्र के कुदवारी गांव में हुई घटना



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम कुदवारी में बुधवार की शाम को दीपू टेंट हाउस की गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखे रजाई, गद्दे, कूलर, पंखे, इलेक्ट्रिक लाइट, साउंड सिस्टम सहित लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे गोदाम से धुआं उठते ग्रामीणों ने देखा और तत्काल टेंट व्यवसायी दीपू बर्मन को सूचना दी गई और आसपास मौजूद लोगों ने बोर चालू कर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की सक्रियता से आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते ही उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कटनी नगर निगम फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड को आने में काफी समय लग गया। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक आग बुझा ली गई थी।

उमरियापान क्षेत्र में लंबे समय से फायर ब्रिगेड की मांग जनप्रतिनिधि और नागरिक कई बार प्रशासन से किए हैं, लेकिन इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कटनी से फायर ब्रिगेड आने में लगभग डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध होती तो नुकसान कम हो सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द उमरियापान क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध कराए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से जन-धन की हानि को रोका जा सके।

## क्रेशर प्लांट के मलबे में दबकर महिला मजदूर की मौत

▶ माधवनगर थाना क्षेत्र के बिछुआ में हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच



**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बिछुआ स्थित क्रेशर प्लांट में हापड़ टूटकर गिरने से चपेट में आई एक महिला मजूदर की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिछुआ क्रेशर प्लांट के पास अचानक बड़ा हापड़ टूटकर नीचे गिर गया। जिससे वहां काम कर रही महिला मजदूर उसमें दब गई और उसकी की मौत हो गई। साथी मजदूरों ने शोर मचाकर महिला को निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम गईं थी। हादसे से प्लांट के मजदूरों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्लांट प्रबंधन पर लापरवाही पूर्वक और बगैर सुरक्षा के इतजामों के कार्य कराने का आरोप लगाया है। साथी मजदूरों ने मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा दिलाने और कार्रवाई की मांग की है।



## कार्यशाला में बताई गई सेवा पखवाड़े की रूपरेखा

▶ उमरियापान भाजपा मंडल की कार्यशाला आयोजित


**नवभारत, उमरियापान।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जिला प्रभारी संजय साहू और जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन के निर्देशानुसार बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी सुरेश राय के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल उमरियापान में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से शुरू होकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती तक चलने वाले सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने प्रस्तावना प्रस्तुत की। मंडल प्रभारी सुरेश राय और जिला मंत्री विजय दुबे ने सेवा सप्ताह पखवाड़ा को लेकर कार्यकर्ताओं का जानकारी देते हुए मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला में जितेन्द्र अरोरा, जगन्नाथ मांझी, संदीप सोनी, शैलेन्द्र झारिया, जयपाल सिंह, राकेश दाहिया, शिवचरण पटेल, रिंकू मिश्रा, सुशील महोबिया, सरपंच राकेश दाहिया, रामविशाल विश्वकर्मा, संदीप सोनी, अरुण गुप्ता, प्रवीण चौरसिया, जगत सिंह ठाकुर, लखन पटेल, नरेंद्र पटेल, अनिल नामदेव, रिंकल सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## किसान मोर्चा जिला मंत्री ने दिया इस्तीफा

▶ किसानों की आवाज उठाने पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप



**नवभारत, कटनी।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री इंद्रेश मिश्रा ने गुरूवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि किसानों की समस्याओं को उठाना उनका कर्तव्य है, इनहीं समस्या की आवाज उठाने की वजह से उन्हें प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। इंद्रेश मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े किसान लगातार अपनी समस्याएं उन्हें बताते हैं, चाहे धान और गेहूं की आवक हो या उठाई पर अतिरिक्त शुल्क वसूली का मामला हो। उन्होंने कहा कि जब वे इन मुद्दों को प्रशासन और अधिकारियों के सामने रखते हैं तो कुछ लोग इसे पार्टी की छवि से जोड़ देते हैं, जबकि उनका उद्देश्य सिर्फ किसानों को राहत दिलाना है।

इंद्रेश मिश्रा ने आरोप लगाया कि पार्टी के ही कुछ लोग उन्हें व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को अधिकारियों के सामने नहीं रखूंगा तो फिर जिला मंत्री के पद पर बने रहने का औचित्य ही क्या है, पत्रकार वार्ता में इंद्रेश मिश्रा ने बताया कि जिला अस्पताल, यातायात सहित कई गंभीर मुद्दों को उठाने पर उन्हें नोटिस भेजा गया, जिससे आहत होकर उन्होंने किसान मोर्चा जिला मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है।


### आम सूचना दिनांक 21/08/2025 का खण्डन

**मेसर्स - रत्नगर्भा स्टील प्राइवेट लिमिटेड, 205 समता कॉलोनी रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर से अधिवक्ता श्री चन्द्रशेखर दुबे, पता- 23 ए खुराना पंचशील नगर, सिविल लाईन्स रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा प्रकाशित सार्वजनिक सूचना दिनांक 21/08/2025 का खण्डन**

मैं अपने पक्षकार **संतोष कुमार यादव पिता श्री हेतराम यादव,** निवासी ग्राम भनपुरा (भानपुरा) पोस्ट बड़खेरा, थाना- माधवनगर, पूर्व तहसील ढीमरखेड़ा, वर्तमान तहसील व जिला कटनी (म.प्र.) की ओर से सार्वजनिक सूचना दिनांक 21/08/2025 का निम्नानुसार खण्डन करता हूँ कि-

''दैनिक समाचार पत्र नव भारत जबलपुर संस्करण में यह समाचार पत्र प्रकाशन कराया गया कि मेसर्स रत्न गर्भा स्टील प्राइवेट लिमिटेड 205 समता कालोनी रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि 18.66 हेक्ट. ग्राम धमधा प.ह.नं.22 रा.नि. खितौला तहसील सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 28, 29/1, 29/2 रकवा कमशः 0.92 हेक्ट.,10.28 हेक्ट., 7.46 हेक्ट. कुल रकवा 18.66 हेक्ट. है। सार्वजनिक सूचना में यह भी उल्लेख कराया गया है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में मुकेश कुमार वर्मा पिता हरेन्द्र प्रसाद वर्मा, उम्र लग 34 वर्ष, निवासी प्लाट नंबर 79 वार्ड नंबर 72 कोदवारी आमखेड़ा, पुलिस थाना गोहलपुर, जबलपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.) द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उक्त भूमि को हमारे पक्षकार को विक्रय करने का पंजीकृत अनुबंध पत्र जाली एवं फर्जी दस्तावेज के आधार पर दिनांक 18/02/2025 को उपपंजीयक जबलपुर के समक्ष निष्पादित किया गया है, जो अवैध और शून्य होकर अपराध की श्रेणी में आता है। हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि को क्रय करने का इकरारनामा मुकेश कुमार वर्मा आत्मज हरेन्द्र प्रसाद वर्मा से रजिस्टर्ड इकरारनामा दिनांक 18/08/2025 को किया गया है चूंकि हमारे पक्षकार को मुकेश कुमार वर्मा द्वारा कंपनी का प्रस्ताव दिनांक 21/07/2025 को दिखाये जाकर यह विश्वास दिलाया गया कि वह कंपनी का डायरेक्टर है इस कारण हमारे उपरोक्त भूमि का सौदा रजिस्टर्ड द्वारा विक्रय इस संबंध में हमारे पक्षकार द्वारा 04/09/2025 को पक्षकार इकरारनामा कराया है तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियो को दिनांक लिखित सूचना दी गयी है, साथ ही साथ हमारे पक्षकार द्वारा रजिस्टर्ड नोटिस मुकेश कुमार वर्मा एवं कंपनी के डायरेक्टर रमेश कुमार सिंघानियां को उनके पते पर भी भेजा गया है। इस प्रकार यदि मुकेश कुमार वर्मा कंपनी के डायरेक्टर नही है तो कंपनी को उनके विरूद्ध कार्यवाही करना चाहिये, और हमारे पक्षकार द्वारा दी गई एडवांस राशि मय ब्याज एवं नुकसानी के उसे वापस करना चाहिये। इस प्रकार हमारा पक्षकार उपरोक्त समाचार पत्र का खण्डन करता है तथा यदि तथा यदि मुकेश कुमार वर्मा द्वारा कंपनी के डायरेक्टर रहते हुये कोई धोखाधड़ी जालसाजी एवं दस्तावेज की कूटरचना की गई है तो कंपनी को उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करना चाहिये।

कटनी, दिनांक:11/09/2025


भवदीय-**आलोक जैन अधिवक्ता,** आनंद बिहार कालोनी, मदन मोहन चौबे वार्ड कटनी, जिला (म. प्र.) मो. 9425158983


**सफाई** — नगर निगम द्वारा कराई जा रही साफ-सफाई, मच्छर जनित बीमारी रोकने कराया गया धुएं का छिड़काव

## शहर में सफाई के लिए दो चरणों में चलाया जा रहा अभियान, प्रेशर मशीन का भी उपयोग



**नवभारत,कटनी।** नगर निगम द्वारा नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन पर सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को सशक्त करते हुए स्वच्छता मित्रों द्वारा तैनात रहकर सफाई कार्य दो शिफ्टों में संचालित किया जाकर सार्वजनिक सड़कों, नालियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखते हुए नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि यह व्यवस्था नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और बढ़ते कचरे के कारण सफाई व्यवस्था को और बेहतर करना समय की आवश्यकता है। अब दो शिफ्टों में सफाई होने से न सिर्फ मुख्य मार्गों और बाजारों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा, बल्कि वार्डों और कॉलोनियों की स्वच्छता भी तय होगी। शहर की स्वच्छता रैंकिंग में भी सुधार होगा। दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान गुरूवार को वंशस्वरूप वार्ड स्थित द्वारा सिटी में चोक सीवर लाइन की सफाई का कार्य प्रेशर मशीन के माध्यम से कराया गया। सीवरेज लाईन खुलवाई गई। वहीं कावस जी वार्ड भट्टा पानी की टंकी के पास, जगमोहन दास वार्ड आधार काप सहित नगर के विभिन्न स्थलों की सार्वजनिक नालियों की सफाई कराकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किए गए। वहीं नगरीय और उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो रेल्वे स्टेशन, सुभाष चैक, कपडा बाजार, गोल बाजार, गर्ग चैराहा, घंटाघर, जगन्नाथ चैक, बस स्टेंड, नदीपार मुख्य मार्ग सहित नगरीय और उपनगरीय क्षेत्रों के अन्य मुख्य मार्गो, गलियों की सफाई के साथ मुख्य मार्ग बरगवां क्षेत्र के डिवाइडरों की दौनों ओर से सफाई का कार्य कराकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया।वहीं निगमायुक्त के निर्देश पर शहर में मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के मद्देनजर डॉ जाकिर हुसैन वार्ड में क्षेत्रीय पार्षद, वार्ड दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न मुख्य मार्गो, गलियों में रासायनिक धुए का छिड़काव कराकर मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए। निगमायुक्त ने कहा है कि वे सफाई कर्मियों के प्रयासों को सफल बनाने में सहयोग करें। कचरा इधर-उधर नहीं फेंके और उसे निर्धारित डस्टबिन, कचरा वाहनों में ही डालें।

**धर्मलोक हॉस्पिटल**
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनीग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।



Dr.V.B.Khare

**क्योर जोन**
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

डॉ. व्ही. बी. खरे — M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S. (होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे — B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H (होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111